## सार-समाचार

### गंगानाथ महाराज बैरठ में चातुर्मास के लिए जालोर से आज रवाना होंगे

**जालोर**, (कासं)। नाथ संप्रदाय की प्राचीन आध्यात्मिक परंपरा के तहत सिरे मंदिर धाम एवं भेरूनाथ अखाडा, जालोर के पीठाधीश्वर पीर गंगानाथ महाराज इस वर्ष अपना पावन चातुर्मास देवनगरी बैरठ में करेंगे। 1 अगस्त को प्रात: 8 बजे जालोर स्थित भेरूनाथ अखाडा से पीर गंगानाथ महाराज की भव्य शोभायात्रा गाजे-बाजे, बैंड के साथ रवाना होंगे। यह चातुर्मास श्रद्धा, भक्ति, साधना और सनातन संस्कृति के संरक्षण का महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन माना जाता है, जिसमें प्रदेशभर से संत-महात्मा एवं हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। चातुर्मास सेवा समिति के व्यवस्थापक पारसमल परमार ने बताया कि 1 अगस्त को प्रात: 8 बजे जालोर स्थित भेरूनाथ अखाडा से पीर गंगानाथ महाराज की भव्य शोभायात्रा गाजे-बाजे, बैंड, ढोल-नगाडों, धार्मिक ध्वजों एवं जयघोष के साथ रवाना होगी। शोभायात्रा हॉस्पिटल चौराहा, सूरजपोल, थर्ड फेज एवं भागली चौराहा सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होकर देवनगरी बैरठ पहुंचेगी, जहां श्रद्धालुओं द्वारा भव्य स्वागत एवं गुरु महाराज का मंगल प्रवेश कराया जाएगा। चातुर्मास के दौरान प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठान, गुरु वंदना, सत्संग, भजन-कीर्तन, प्रवचन, आरती, गुरु दर्शन तथा सनातन धर्म एवं नाथ संप्रदाय की गौरवशाली परंपराओं के प्रचार-प्रसार से जुडे विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह चार माह का आध्यात्मिक प्रवास श्रद्धालुओं के लिए गुरु कृपा एवं धर्म लाभ प्राप्त करने का विशेष अवसर होगा। आयोजकों ने बताया कि चातुर्मास में राजस्थान सहित विभिन्न क्षेत्रों से संत-महात्मा, नाथ संप्रदाय के अनुयायी एवं बडी संख्या में सनातन धर्म प्रेमियों के पहुंचने की संभावना है। व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। चातुर्मास सेवा समिति एवं आयोजकों ने सभी नाथ संप्रदाय के श्रद्धालुओं, सनातन धर्म प्रेमियों तथा क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अपने परिवार एवं इष्ट-मित्रों सहित शोभायात्रा और चातुर्मास कार्यक्रम में शामिल होकर गुरु महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करें तथा इस पुण्य-पावन सनातन परंपरा के सहभागी बनें।

### बालोतरा एस.पी. कांवट ने निरीक्षण किया

**गुडामालानी**, (कासं)। बालोतरा जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार कांवट का गुडामालानी, धोरीमन्ना,रागेशवरी पुलिस थाना नगर का अकस्मात निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा । जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार कांवट गुडामालानी पुलिस थाने पहुंचने पर पुलिस द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। निरीक्षण के बाद सीएलजी की बैठक में भाग लिया। जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार कांवट गुडामालानी थाने पहुंचकर पुलिस अधिकारियों एव स्टांफ से संवाद कर गतिविधियों की जानकारी ली । उसके बाद स्थानीय गणमान्य लोगों की बैठक लेकर स्थानीय समस्याओं के बारे बात करने पर राणा सुरेन्द्र सिंह राठौड ने कहा कि कोऑपरेटिव बैंक से पुलिस थाने तक बनी सडक के बीच में बने डिवायडर हटाने की बात रखी जिससे ट्राफिक व्यवस्था में सुधार आए। एवं कहा कि इस बिगडती ट्राफिक व्यवस्था के कारण रोडवेज बसें अन्दर नहीं आ रही है । जिससे के कारण स्थानीय ग्रामीणों को अहिंसा सर्किल जाकर बसो में सफर करना पड रहा है । व्यापार मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम जैन ने ट्राफिक व्यवस्था के बारे में बात करते हुए ट्राफिक व्यवस्था सुधारने को लेकर पुलिस कर्मी तैनात करने की मांग की। गुडामालानी में बढती नशीली वस्तुओं पर कार्यवाही करने की मांग कि । पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार कांवट ने उपस्थित ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए कहा कि पुलिस का काम अपराध रोकना और आमजन को सुरक्षा का अहसास दिलाना है। जनता पुलिस का सहयोग करने की बात कही । वहीं थाने आए फरियादियों की समस्याएं भी सुनीं और उन्हें समयबद्ध समाधान का आश्वासन दिया। पुलिस अधीक्षक के निरीक्षण के दौरान पुलिस उपाधीक्षक सुखाराम विश्नोई,थाना प्रभारी गीता चौधरी सहित गांव के गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

### वीरमदेव कॉलेज में प्रेमचंद जयंती मनाई

**जालोर**,(कासं)। वीर वीरमदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जालौर के हिंदी विभाग एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रेमचंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं उनके साहित्यिक योगदान को स्मरण करते हुए किया गया। कार्यक्रम में हिंदी विभाग के सदस्य किशोर कुमार, मनोहर सियाग एवं गीता कुमारी तथा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के दीपक यादव एवं जयंत के सार्थक सहयोग से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, पोस्टर प्रदर्शनी तथा प्रेमचंद की कहानियों पर आधारित फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रेमचंद के साहित्य, सामाजिक सरोकारों एवं मानवीय मूल्यों से परिचित कराया गया। कार्यक्रम के समापन पर अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा राजकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत पात्र छात्राओं को प्रदान की जाने वाली 30000 रुपये की छात्रवृत्ति के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा छात्राओं को इसके लिए आवेदन करने हेतु प्रेरित किया गया। वही जगदीश राजपुरोहित, नमिता सकरवाल, रवि, कविता मीणा, जोगाराम, हंसाराम मीणा, एवं विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राचार्य विक्रम टॉक ने कार्यक्रम को ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताते हुए ऐसे आयोजनों की सराहना की।

### निर्वाचन साक्षरता क्लब बनाया

**जालोर**, (कासं)। वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जालोर में निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संचालित निर्वाचन साक्षरता क्लब का गठन किया गया । प्राप्त जानकारी के अनुसार निर्वाचन साक्षरता क्लब के प्रभारी डॉ. प्रताप सिंह राठौड़ के मार्गदर्शन में गठित इस कार्यकारिणी का उद्देश्य विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों, मतदाता जागरूकता, निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी तथा जिम्मेदारा नैतिक मतदान के प्रति जागरूकता विकसित करना है। महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. विक्रम टांक ने बताया कि इस कार्यकरिणी में निर्वाचन साक्षरता क्लब द्वारा 20 सदस्यों का गठन किया गया जिसमें एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष और 18 सदस्य होंगे। इन सदस्यों का कार्य क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रमों, अभियानों एवं गतिविधियों में नियमित रूप से भाग लेना और जागरूकता संबंधी कार्य करना है।

### कैलाश चौधरी ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

**बालोतरा**, (निसं) । भाजपा किसान मोर्चा राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर बालोतरा और बिठूजा के बंद पडे टेक्सटाइल उद्योगों को शीघ्र पुन: शुरू करवाने का आग्रह किया है। पत्र में कैलाश चौधरी ने बताया कि पिछले एक माह से बालोतरा और बिठूजा की टेक्सटाइल, डाइंग एवं प्रिंटिंग इकाइयां बंद होने से क्षेत्र में रोजगार के अवसर बुरी तरह प्रभावित हुए हैं और प्रसिद्ध वस्त्र उद्योग संकट के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने उल्लेख किया कि बालोतरा वाटर पॉल्यूशन कंट्रोल रिसर्च फाउंडेशन ट्रस्ट ने सभी हितधारकों को आश्वस्त किया है कि उद्योगों का संचालन भविष्य में पर्यावरणीय नियमों की पूर्ण पालना के साथ किया जाएगा। कैलाश चौधरी ने प्रधानमंत्री से अनुरोध किया कि आवश्यक कदम उठाकर बालोतरा एवं बिठूजा के टेक्सटाइल उद्योगों का संचालन जल्द शुरू कराया जाए, ताकि क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को गति मिले और हजारों लोगों के रोजगार पुन: बहाल हो सकें।

### रेवदर क्षेत्र में ट्रेलर कंटेनर पर गिरा

**रेवदर**, (निसं)।रेवदर में बुढेश्वर महादेव मंदिर के पास एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे उसमें रखा कंटेनर हाईवे पर गिर पडा और यातायात बाधित हो गया। बताया जा रहा है कि सामने से आ रही कार को बचाने के प्रयास में ट्रेलर चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा। सूचना मिलने पर रेवदर पुलिस मौके पर पहुंची और हाइड्रो मशीन की मदद से कंटेनर को हाईवे से हटाने का प्रयास शुरू किया गया। राहत की बात यह रही कि हादसे में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

### मंजू सोलंकी को जिलाध्यक्ष बनाया

**जालोर**, (कासं) । डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय विचार मंच (पंजीकृत) के राष्ट्रीय अध्यक्ष की अनुशंसा एवं स्वीकृति से समाजसेवी मंजू सोलंकी को जालौर (राजस्थान) जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति उनके सामाजिक कार्यों, राष्ट्र हित के प्रति समर्पण, सक्रिय कार्यशैली तथा संगठन के विचारों के प्रचार-प्रसार में योगदान को ध्यान में रखते हुए की गई है। संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मंजू सोलंकी को नई जिम्मेदारी मिलने पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

# सामाजिक सेवा में स्काउटिंग की महत्वपूर्ण भूमिका : गोदारा




जालोर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मालवाड़ा में स्काउट गाइड का जिला स्तरीय वार्षिक अधिवेशन आयोजित हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला जालोर का चतुर्थ जिला वार्षिक अधिवेशन राजकीय उमाजी ओखाजी उच्च माध्यमिक विद्यालय मालवाडा आर में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मनोहरलाल गोदारा के मुख्य आतिथ्य व सीबीईओ भीनमाल चंदनसिंह चौहान, सीबीईओ आहोर रामेश्वरप्रसाद, सीबीईओ चितलवाना सज्जाद हुसैन के विशिष्ट आतिथ्य तथा जिला कौंसिल अध्यक्ष दशरथसिंह बालोत, उपाध्यक्ष जबरसिंह राठौड, हनीफखान की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ जिसमें स्काउटिंग गतिविधियों को बेहतरीन ढंग से संचालित करने पर चर्चा की गई।

ईश प्रार्थना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत पश्चात संभागियों द्वारा स्वपरिचय के बाद बालिकाओं द्वारा सामूहिक नृत्य द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। सर्कल आर्गेनाइजर स्काउट सवाईसिंह राठौड ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया स्काउट गाइड की जिलेभर की उपलब्धियों पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए सभी स्थानीय संघ सचिवों, प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर्स और संस्था प्रधानों का आभार प्रकट किया।

मुख्य अतिथि गोदारा ने बताया कि वर्तमान समय में स्काउटिंग गतिविधियों की महत्ती भूमिका है। जिसके माध्यम से समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण, आपदा प्रबंधन और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

सीबीईओ आहोर ने स्काउटर गाइडर की योग्यता अभिवृद्धि पर बल दिया ताकि विद्यार्थियों में स्काउट कौशल में निखार लाया जा सके। चंदन सिंह चौहान सीबीईओ भीनमाल ने स्थानीय संघो में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की आवश्यकता जताई तथा स्काउटिंग गतिविधियों के संचालन हेतु हर संभव सहयोग का विश्वास दिया। सीबीईओ चितलवाना ने पर्यावरण के क्षेत्र में स्काउट्स द्वारा किये जाने वाले कार्यो की सराहना की। एसीबीईओ भीनमाल गजेन्द्र देवासी ने अपने उदबोधन में बताया कि इन गतिविधियों से बालक-बालिकाओं में स्वयं, समाज व देश के प्रति कर्तव्यबोध की भावना का विकास कर सुनागरिकता का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

अध्यक्षीय उद्बोधन में दशरथसिंह बालोत ने बालिकाओं को शिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाने की अपील की ताकि विभिन्न कुरीतियों पर रोक लग सकें।इस अवसर पर जिला मुख्यालय से देवीलाल गहलोत, चम्पालाल परिहार, अनिल कुमार शर्मा, प्रधानाचार्य अंशुबाला, सोहिनी कुमारी विश्नोई, अर्चना गहलोत, लीला चौहान, शांतिलाल जीनगर, नारायणलाल जीनगर, डा० वागाराम सुथार, सचिव लादुराम भादू, देरामाराम, घनश्याम कुमार व्यास, जुहारलाल डांगी, मुकेश कुमार सुन्देशा, विरेन्द्र सिंह, एसएमसी अध्यक्ष लच्छाराम सहित स्काउटर चौथाराम, मानाराम, जसपाल राणा, नपरतराम परिहार, राहुल कुमार, धन्नाराम, मथुराराम, मुकेश कुमार, मजीराम राणा मदनसिंह बालोत, प्रकाश चन्द्र, सीता सुन्देशा, प्रमोद कुमार दवे, हरिराम विश्नोई, धीराराम पुरोहित, सहित जिले भर के विभिन्न विद्यालयों के स्काउटर्स, गाइडर्स व संस्थाप्रधान प्रतिनिधि उपस्थित थे।कार्यक्रम के अन्त में संस्था प्रधान हजारीमल माली ने कार्यक्रम के भामाशाह जोराजी वेनाजी पुरोहित वाडा तथा सभी आगन्तुकों का आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों व स्काउट गाइड बालकों द्वारा सराहनीय सेवा दी गई।

# सीनियर नर्सिंग ऑफिसर शहजाद खान को विदाई दी



जालोर के राजकीय चिकित्सालय में कार्यरत सीनियर नर्सिंग ऑफिसर शहजाद खान को सेवानिवृति पर विदाई दी गई। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**,(का.सं.)। राजकीय चिकित्सालय जालोर शुक्रवार को आयोजित एक गरिमामय समारोह में वरिष्ठ नर्सिंग ऑफिसर शहजाद खान के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें उत्साह, उमंग और आत्मीयता के साथ भावभीनी विदाई दी गई।

इस अवसर पर चिकित्सालय के अधिकारियों, चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, कर्मचारियों तथा शुभचिंतकों ने उनके लंबे एवं उत्कृष्ट सेवा-काल को याद करते हुए उनके योगदान की मुक्त कंठ से सराहना की।

वक्ताओं ने कहा कि शहजाद खान ने अपने सेवाकाल के दौरान मरीजों की निष्ठा, संवेदनशीलता और समर्पण के साथ सेवा की। उनका सरल, मिलनसार और सहयोगी स्वभाव उन्हें सभी के बीच लोकप्रिय बनाता रहा। चिकित्सा सेवा के साथ-साथ उन्होंने सामाजिक सरोकारों में भी सक्रिय भागीदारी निभाई, जिसके कारण वे हरदिल अजीज व्यक्तित्व के रूप में अपनी अलग पहचान बना सके। समारोह में उपस्थित सभी साथियों ने उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुखद, सफल एवं दीर्घायु सेवानिवृत्त जीवन की कामना करते हुए स्मृति-चिन्ह एवं साफा पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान भावुक माहौल में सभी ने उनके साथ बिताए गए यादगार पलों को साझा किया और कहा कि उनकी सेवाएं सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेंगी। इस अवसर पर उपस्थित सभी कर्मचारियों ने एक स्वर में कहा कि शहजाद खान की ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और मानवीय व्यवहार आने वाली पीढी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत रहेगा। विदाई समारोह मे काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। वही हास्पीटल से उनके निवास तक लोगो ने पुरे रास्ते जगह जगह स्वागत किया गया। वही गैबनशाह गाजी दरगाह पहुंचकर दुआ की तथा उनके घर पर देर शाम तक लोगो द्वारा स्वागत करने वालो का सिलसिला जारी रहा।

## जोधपुर में भ्रूण लिंग जांच,नर्सिंग होम संचालक पकड़ा

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर में नर्सिंग होम संचालक को भ्रूण लिंग जांच करते हुए गिरफ्तार किया गया है। पीसीपीएनडीटी की टीम नर्सिंगकर्मी को काफी समय से ट्रैक कर रही थी। आरोपी अल्ट्रासाउंड की पोर्टेबल मशीन को मोबाइल से कनेक्ट करता था। फिर एप पर सोनोग्राफी की फोटोज देखकर बताता था कि लड़का होगा या लड़की। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस ने डिकॉय ऑपरेशन किया। इस डिकॉय ऑपरेशन में एक गर्भवती महिला को भी शामिल किया। कार्रवाई बनाड़ थाना क्षेत्र के सागर नर्सिंग होम पर देर रात की गई थी। आरोपी ओमप्रकाश चौधरी को शुक्रवार सुबह गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जूडिशल कस्टडी में भेज दिया गया।

सीएमएचओ सुरेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि बनाड़ स्थित श्री सागर नर्सिंग होम के संचालक ओमप्रकाश चौधरी के खिलाफ पीसीपीएनडीटी सेल को लगातार भ्रूण लिंग परीक्षण कराने की शिकायतें मिल रही थीं। इसके बारे में कलेक्टर आलोक रंजन को बताया गया। इस डिकॉय ऑपरेशन को करने के लिए सभी टीम का सहयोग लिया गया। एक गर्भवती महिला को शामिल कर नर्सिंगकर्मी से कॉन्टैक्ट किया। 30 जुलाई को उसने महिला को पावटा बुलाया। महिला पावटा पहुंची। इस दौरान एक पुलिसवाला पति बनकर महिला के साथ पहुंचा। आरोपी पावटा से महिला को अपनी गाड़ी में नर्सिंग होम लेकर रवाना हुआ। पावटा से करीब डेढ़ किलोमीटर आगे महिला के पति बने पुलिस वाले को गाड़ी से उतार दिया। इसके बाद 6 किलोमीटर दूर अपने नर्सिंग होम पहुंचा।

## नारायणसिंह रेडा की जयंती मनाई

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। श्री क्षत्रिय युवक संघ के तृतीय संघ प्रमुख नारायण सिंह रेडा का जयंती कार्यक्रम भगवती मरू बाल निकेतन झिनझिनयाला जैसलमेर में हर्षोल्लास के साथ मनाया।

श्री क्षत्रिय युवक संघ के केंद्रीय कार्यकारी तारेंद्रसिंह झिनझिनयाली ने श्र नारायण सिंह की तस्वीर के आगे अगरबत्ती, माल्यार्पण, पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

अरविंद सिंह ने प्रार्थना मेरे सोते हुए जीवन गाई तथा भवानी सिंह ने नारायण सिंह रेडा का जीवन परिचय प्रस्तुत किया।

तारेन्द्रसिंह ने संघ का परिचय देते हुए कहा कि उन्होंने अपने जीवन में संघ के अलावा कुछ भी नहीं सोचा जो भी भाव उत्पन्न हुए वह संघ की विरासत, उनका हर पल संघ के निमित्त रहा। पहले संघ फिर परिवार और समाज को प्राथमिकता दी। ऐसी बिरले ही व्यक्ति होते हैं जो जीते जी अपना सर्वस्व समर्पित कर जीवन जीते हैं।

# अस्पताल में अनियमितता पर एडीएम ने जताई नाराजगी

> ■ एक्सरे सुविधा बंद, टीकाकरण का रिकॉर्ड मेंटेन नहीं होना सामने आया

**सायला**, (निसं) । जालोर जिले में सायला उपखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का शुक्रवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजेंद्रसिंह चांदावत ने निरीक्षण किया।

इस दौरान अस्पताल में कई अनियमितताएं सामने आईं, जिस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को जमकर लताड़ लगाई और व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने पर्ची काउंटर और नि:शुल्क दवा वितरण केंद्र का निरीक्षण कर उपलब्ध स्टॉक की स्थिति देखी तथा मौसमी बीमारियों से जुडी सभी आवश्यक दवाइयां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रखने के सख्त निर्देश दिए। अस्पताल मे मरीजों के लिए एक्सरे सुविधा बंद मिलने पर एडीएम ने संबंधित कार्मिक को कार्य में गंभीर लापरवाही बरतने पर लताड़ लगाई। वही टीकाकरण कक्ष के निरीक्षण में नियमित रिकॉर्ड मेंटेन नहीं पाया गया तथा प्रसूता रजिस्टर में भी नियमानुसार प्रविष्टियां दर्ज नही होने पर नाराजगी व्यक्त की। अस्पताल में साफ-सफाई का स्तर असंतोषजनक मिलने पर प्रभारी डॉ. भीमनाथ गोस्वामी को परिसर को स्वच्छ व संक्रमण-मुक्त रखने के कडे निर्देश दिए गए। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी सूरजभान बिश्नोई समेत अस्पताल स्टाफ एवं नागरिक मौजूद रहे।

अस्पताल में भर्ती मरीजों से बातचीत कर एडीएम ने उन्हें मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं और भोजन-दवा वितरण की जानकारी ली। उन्होंने एसडीएम सूरजभान विश्नोई को निर्देशित किया कि वे महीने में कम से कम दो बार सायला सीएचसी का औचक निरीक्षण सुनिश्चित करें, ताकि नियमित मॉनिटरिंग से व्यवस्थाओं में सुधार लाया जा सके और आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिलें।

निरीक्षण के अंत में एडीएम ने सीएचसी के डॉक्टरों के साथ बैठक कर केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और आमजन को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# नगर निगम ने नाले से अतिक्रमण हटाए

**जोधपुर**, (कासं) । जोधपुर नगर निगम ने शुक्रवार को भारी पुलिस जाब्ते की मौजूदगी में नालेपर बने अवैध कब्जों और नॉनवेज ढाबों के खिलाफ ब ड़ी कार्रवाई की। नगर निगम कार्रवाई करते हुए बम्बा मोहल्ले में नाले पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया।

जेसीबी सहित मशीनों से अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि और नालों पर कब्जा करने वालों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

निगम के अनुसार बम्बा मोहल्ले में नाले पर अवैध कब्जा कर गैरकानूनी तरीके से नॉनवेज ढाबे संचालित किए जा रहे थे। स्थानीय लोगों की शिकायत थी कि देर रात तक यहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता था, जिससे क्षेत्र का माहौल प्रभावित हो रहा था। इस संबंध में मामला नगर निगम की सतर्कता समिति में लंबे समय से लंबित था।

नगर निगम अतिक्रमण इंस्पेक्टर रजनीश बरासा ने बताया कि अतिक्रमण हटाने के लिए पूर्व में कई बार पुलिस जाब्ते की मांग की गई थी, लेकिन पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध नहीं होने के कारण कार्रवाई टलती रही। शुक्रवार को पर्याप्त पुलिस सुरक्षा मिलने के बाद निगम ने अभियान चलाकर नाले पर बने अवैध निर्माण और अतिक्रमण को हटा दिया।

सार्वजनिक भूमि, नालों और सरकारी संपत्तियों पर अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## सार-समाचार

### जोधपुर में डॉ. कल्ला व डॉ. राजश्री बेहरा का सेवानिवृति समारोह हुआ

जोधपुर, (कासं) । डॉ. आनन्द राज कल्ला व डॉ. राजश्री बेहरा का सेवानिवृति समारोह प्रधानाचार्य व नियन्त्रक डॉ. बी.एस. जोधा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। डॉ आनन्द राज कल्ला की विभागाध्यक्ष पैथोलोजी के रूप में सेवायें सराहनीय रही। डॉ. कल्ला ने राजस्थान में पहली बार पैथोलोजी प्रयोगशाला को एन.ए.बी.एल मान्यता दिलाई। डॉ. कल्ला की अतिरिक्त प्रधानाचार्य प्रथम के रूप में सेवाए उल्लेखनीय रही। डॉ. राजश्री बेहरा की विभागाध्यक्ष आई एच बी टी (ब्लड बैंक) व अधीक्षक महात्मा गाँधी चिकित्सालय के रूप में सेवाऐं विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। विभागाध्यक्ष के रूप में डॉ. बेहरा ने 5 पी.जी. सीट की एन.एम.सी. से स्वीकृति दिलाई। भुंगरा गैस त्रासदी में डॉ. बेहरा की प्रशासकीय प्रबंधन का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। जिसके लिए जिला प्रशासन ने सम्मानित किया। डॉ. बेहरा व डॉ. कल्ला ने सैंकडों राष्ट्रीय व अन्तराष्ट्रीय स्तर पर शोध प्रस्तुत कर इस क्षैत्र व मेडिकल कॉलेज की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाया। समारोह में आर. एम सी टी ए अध्यक्ष व विभागाध्यक्ष (बॉयोकेमेस्ट्री) डॉ. विहान चौधरी डॉ. योगीराज जोशी अतिरिक्त प्रधानाचार्य डॉ. राहुल मीणा सचिव डॉ. फतेह सिंह भाटी अधीक्षक महात्मा गांधी चिकित्सालय एवं अतिरिक्त प्रधानाचार्य डॉ. सी. आर. चौधरी अधीक्षक, डॉ. विकास राजपुरोहित अधीक्षक मथुरादास माथुर चिकित्सालय, व विभिन्न विभागों के चिकित्सक शिक्षक उपस्थित रहे।

### पेंशन लाभ-साइबर सुरक्षा की जानकारी दी

**जोधपुर**, (कासं) । उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर वर्कशॉप में शुक्रवार को सेवानिवृत्त होने वाले रेल कर्मचारियों के लिए एसबीआई द्वारा पेंशन लाभ एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन संबंधी सुविधाओं, बैंकिंग सेवाओं तथा साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करना रहा। शिविर मुख्य कार्यशाला प्रबंधक रवि मीणा, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी सुनीता चौधरी तथा सहायक वित्त सलाहकार राशिद अरशद के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर एसबीआई यूआईटी शाखा के शाखा प्रबंधक मुकुल एवं एसबीआई रेलवे स्टेशन शाखा के शाखा प्रबंधक लोकेश मंगल भी उपस्थित रहे। शिविर में बैंक अधिकारियों ने कर्मचारियों को एसबीआई की पेंशन सुविधाओं, डिजिटल बैंकिंग सेवाओं एवं विभिन्न ग्राहक हितैषी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही साइबर सुरक्षा पर विशेष सत्र आयोजित कर ऑनलाइन बैंकिंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत कराया गया। कर्मचारियों को ओटीपी, एटीएम पिन, पासवर्ड एवं अन्य गोपनीय बैंकिंग जानकारी किसी भी व्यक्ति के साथ साझा नहीं करने तथा संदिग्ध कॉल, संदेश एवं लिंक से सतर्कता की सलाह दी गई।

### रणसी में चांपावत की स्मृति में रक्तदान

**पाली**, (नि.सं.)। निकटवर्ती रणसी गांव के निवासी स्वर्गीय दिलीप सिंह चांपावत की द्वितीय पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में शुक्रवार को पाली स्थित ब्लड बैंक में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्थानीय युवाओं और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान कर दिवंगत आत्मा को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शिविर के संयोजक अनिल वैष्णव ने बताया कि रक्तदान महादान है और किसी जरूरतमंद का जीवन बचाना ही मित्र दिलीप सिंह को हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। रक्तदान-जीवनदान के ध्येय वाक्य को चरितार्थ करते हुए वैष्णव ने आमजन से अपील की कि वे इस पुनीत कार्य में हमेशा आगे आएं और मानवता की सेवा में अपना योगदान दें। शिविर के दौरान रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन भी किया गया। इस शिविर में 71 यूनिट रक्तदान किया गया। इस पुनीत कार्य और रक्तदान शिविर को सफल बनाने में अनिल वैष्णव, भूपेंद्र सिंह चांपावत, रविन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र कुमार प्रजापत और राजेश कुमावत सहित कई युवाओं का सक्रिय सहयोग रहा।

### डॉ. पालीवाल ने निरीक्षण किया

जैसलमेर, (नि.सं.)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार पालीवाल ने नरसिंहो की ढाणी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चेलक ,भंभारा तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहगढ व झिनझिनयाली का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व बेहतर मातृत्व सेवाओं जांच, परामर्श, उपचार व सुरक्षित प्रसव से लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए, उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को ओडीके ऐप पर सूचनाओं का नियमित रूप से इंद्राज सुनिश्चित करने तथा लाडो योजना व जननी सुरक्षा योजना के पात्र लाभार्थियों को प्राथमिकता से प्रोत्साहन राशि का शत प्रतिशत भुगतान करने कोो लेकर निर्देश दिए। उन्होंने एनसीडी स्क्रीनिंग व एनसीडी सर्वे, मौसमी बीमारियों की रोकथाम संबंधी आवश्यक कार्य, बलगम सैंपल संठाहण, चिकित्सा संस्थानों की बेहतर साफ सफाई रखने , नियमित टीकाकरण , एचपीवी टीकाकरण के साथ ही समस्त विभागीय कार्यक्रमो और गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### प्राथमिक उपचार पर कार्यशाला हुई

**पाली**, (नि.सं.)। अभिभाषक मंडल (बार एसोसिएशन) पाली एवं आरोग्य भारती, जिला पाली के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को सीपीआर प्रशिक्षण एवं प्राथमिक उपचार कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य अधिवक्ताओं को आपातकालीन परिस्थितियों में जीवनरक्षक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना तथा प्राथमिक उपचार के प्रति जागरूक बनाना था। कार्यशाला में 100 से अधिक अधिवक्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर अभिभाषक मंडल के सचिव एडवोकेट मुकुल सोनी, एडवोकेट सुमेर सिंह राजपुरोहित, एडवोकेट दिनेश, विक्रम जोधा,खंगारा राम पटेल,चंद्र प्रकाश जोशी, कार्यकारिणी के कुंदन चौहान, प्रवीण साहू, हेमाराम,कुसुम पंवार आदि सहित अनेक वरिष्ठ एवं युवा अधिवक्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आरोग्य भारती के जिला अध्यक्ष डॉ. हजारीमल चौधरी, जिला सचिव डॉ. अखिल व्यास तथा योग प्रमुख विजय राज सोनी ने जानकारी देते हुए प्रशिक्षण प्रदान किया।

### परशुराम महादेव यात्रा का बैनर जारी

**जोधपुर**, (कासं) । जोधपुर से परशुराम महादेव तक निकाली जाने वाली बाबा परशुराम महादेव पैदल यात्रा के बैनर का विमोचन संस्थान के अध्यक्ष शंकरलाल कच्छावाहा के सानिध्य में किया गया। प्रवक्ता जयसिंह कच्छावाहा ने बताया कि गत 29 वर्षों से हर वर्ष जोधपुर से परशुराम महादेव तक पैदल यात्रा निकाली जा रही है। इसकी तैयारियां जोरों के साथ चल रही है। इस बार यह यात्रा 8अगस्त को जोधपुर से रवाना होगी। इधर आज इस यात्रा के बैनर का विमोचन किया गया। इस अवसर अध्यक्ष शंकर लाल कच्छावाह, गोमादेवी कच्छवाहा,प्रमोद कुमार सांखला,रजत कच्छवाहा, डाक्टर आशीष कच्छवाहा, हरिनंदन कच्छवाहा, गजेंद्र गहलोत, मुकुल पंवार उपस्थित थे। सोमवार को संस्थान की बैठक में यात्रा संबंधी तैयारियों की समीक्षा कर व्यवस्था पर चर्चा की जाएगी।

### अवैध बजरी के डंपर सहित एक पकड़ा

**जोधपुर**, (कासं) । कमिश्नरेट की डांगियावास पुलिस ने बिसलपुर के पास में अवैध बजरी से भरे डंपर को पकड़ा। चालक को माइनिंग एक्ट में गिरफ्तार किया गया। डांगियावास थाने के एएसआई ईश्वरसिंह ने बिसलपुर गांव की सरहद में गश्त के समय एक बजरी से भरे डंपर को रूकवाया। उसका चालक बजरी को लेकर संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। इस पर बजरी को जब्त कर माइनिंग एक्ट में केस दर्ज किया गया। आरोपी चालक दांतीवाड़ा निवासी देवकरण को गिरफ्तार कर लिया गया।

**जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**
संभागीय मुख्य अभियन्ता (जो.जो.), नया पावर हाउस रोड, जोधपुर- 342003 दूरभाष :- (0291) 2651201

**अल्पकालिक ई-निविदा सूचना**

TNJDZ-66 "(A) सरतारा में 33/11 KV GSS का काम (B) कलंदरी सब-डिविजन के तहत CLRC कॉन्ट्रैक्ट आधार पर 2025 में: 33 KV कृष्णगंज फीडर से 11.0 km की 33 KV लाइन T-ऑफ और प्रस्तावित सरतारा सबस्टेशन से 4.5 km का 11 KV इंटर-कनेक्शन का काम।"

**UBN No. JVV2627WSOB00260**

अन्य विवरण जैसे निविदा मुलय, धरोहर राशि, निविदा प्रस्तुत करने / खुलने की तिथि का विवरण इत्यादि वेबसाईट **www.energy.rajasthan.gov.in/jdvvnl** एवं **www.eproc.rajasthan.gov.in** द्वारा जानी जा सकती है। निविदाकर्ताओं को उनके स्वयं के हित में सलाह दी जाती है की ऑन लाईन पर निविदा डालने से पहले निविदा दस्तावेजों का सावधानी पूर्वक अध्ययन कर ले।

सुचारू भविष्य में इन निविदाओं से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन तिथि बढनें की जानकारी आदि केवल वेबसाईट **www.eproc.rajasthan.gov.in, sppp.rajasthan.gov.in, energy.rajasthan.gov.in/jdvvnl** पर उपलब्ध करायी जायेगी।

राज.संवाद/सी/26/8169 संभागीय मुख्य अभियन्ता (जो.जो.)

बिजली संबंधी शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6045